भोपाल-नागपुर वंदे भारत का रानी कमलापति हो स्टॉप : शर्मा

भोपाल हावड़ा एक्सप्रेस रानी कमलापति से चले

सिटी रिपोर्टर

भोपाल, 4 नवम्बर. पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के साथ बुधवार को हुई बैठक में सांसद आलोक शर्मा ने निशातपुरा स्टेशन की बदहाल व्यवस्थाओं का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि स्टेशन परिसर में गंदगी और धूल के कारण यात्रियों को परेशानी होती है. यहां न स्टेशन उप प्रबंधक पदस्थ हैं और न ही वाणिज्यिक विभाग के अधिकारी नियमित रूप से बैठते हैं. टिकट खिड़की होने के बावजूद कर्मचारी सीमित समय के लिए ही उपलब्ध रहता है. उन्होंने भोपाल-नागपुर वंदे भारत और निजामुद्दीन-बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव रानी कमलापति स्टेशन पर देने का प्रस्ताव भी रखा. सांसद ने इसके साथ ही हजरत निजामुद्दीन से बेंगलुरु जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस का भी रानी कमलापति स्टेशन पर ठहराव करने की मांग की.

सांसद रजनीश अग्रवाल ने भोपाल अथवा रानी कमलापति स्टेशन से अयोध्या के लिए प्रतिदिन सीधी ट्रेन चलाने की मांग रखी. उन्होंने मंडी बामोरा में अंबेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस और भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी के ठहराव का प्रस्ताव भी दिया.





इटारसी-बानापुरा में ट्रेनों के ठहराव की मांग

भोपाल रेल मंडल की सांसदों के साथ हुई बैठक में इटारसी, बानापुरा, हरदा, बीना, मंडी बामोरा, शाजापुर और चांचौड़ा सहित कई स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव की मांग उठी. सांसदों ने नई रेल सेवाएं शुरू करने, बंद मेमू-पैसेंजर ट्रेनों को बहाल करने, रेलवे ओवरब्रिज बनाने और नई रेल लाइनों के निर्माण के सुझाव दिए.

होशंगाबाद सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने राजधानी, त्रिशताब्दी और एलटीटी-हरिद्वार एक्सप्रेस का इटारसी में ठहराव मांगा. बानापुरा में अमृत भारत, कर्नाटक, कामायनी, पुष्पक, ताप्ती गंगा और कुशीनगर एक्सप्रेस के ठहराव के साथ इटारसी-पवारखेड़ा में निर्माणाधीन आरओबी जल्द पूरा करने की मांग की.

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने बानापुरा में कामायनी, ताप्ती गंगा और तुलसी एक्सप्रेस के ठहराव तथा नागपुर-भुसावल सुपरफास्ट पैसेंजर और जनता एक्सप्रेस दोबारा चलाने का सुझाव दिया.

सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने सिरोंज-शमशाबाद-लटेरी-कुरवाई रेल लाइन का सर्वे, बीना और मंडी बामोरा स्टेशन का विकास तथा सागर से पुणे-बेंगलुरु की कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग की.

- राजगढ़ सांसद रोडमल नागर ने भोपाल-रामगंजमंडी रेल लाइन समय पर पूरी करने, ब्यावरा को जंक्शन बनाने और चांचौड़ा-बीनागंज में इंदौर-ऊना एक्सप्रेस के ठहराव का सुझाव दिया.
- देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने शाजापुर और सिरोलिया में ट्रेनों के ठहराव तथा कांजा रेलवे गेट पर आरओबी बनाने की मांग रखी.

ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह ने दिल्ली-इंदौर वाया ग्वालियर-गुना-उज्जैन वंदे भारत, ग्वालियर-गुना मेमू और मोहना में ऋषिकेश एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की.

केंद्रीय मंत्री एवं बैतूल सांसद दुर्गादास उईके ने छनेरा में आठ प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों सहित पंजाब मेल के ठहराव, भुसावल-नागपुर मेमू दोबारा चलाने और हरदा में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव का सुझाव दिया.

बैठक में मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक राजेश मंडल, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक अरविंद कुमार रजक आदि उपस्थित थे.

खाद मिलने में परेशानी तो कलेक्टर जिम्मेदार

वीसी के माध्मय से कलेक्टर-एसपी से रूबरू हुए सीएम

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 4 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसी भी जिले में खाद की कमी होने और इसके लिए किसानों के परेशान होने को लेकर कलेक्टरों को अल्टीमेटम दिया है.

उन्होंने कहा कि किसी भी जिले से किसानों को खाद के लिए भटकने और परेशान होने की जानकारी मिली, तो उसके लिए सीधे तौर पर कलेक्टर का फेलियर माना जाएगा और उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाएगा. समय पर किसानों को खाद मिले, इसके लिए पुख्ता बंदोबस्त कर लें. खाद वितरण से



जुड़े विभाग के कर्मचारी-अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें. मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन से प्रदेश के सभी कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्मय से रूबरू हुए. इस दौरान सचिव कृषि विभाग निशांत वरवड़े ने बताया कि प्रदेश में अभी खाद आपूर्ति में कोई परेशानी नहीं है. सीएम ने कहा कि सभी लोग दीपावली हर्ष और आनंद से मनायें, परंतु कहीं भी किसी भी प्रकार का असामाजिक काम न हों. इसके लिए पुलिस और प्रशासन कानून व्यवस्था की सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर लें. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दीपावली के दौरान अवैध एवं प्रतिबंधित पटाखों का उपयोग न होने पाए. उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान बड़े बाजारों में फल, फूल, दिया-बाती, झालर जैसी दुकानें लगाने वाले छोटे दुकानदारों को तहबाजारी से छूट दी जाएं.

अवैध शराब के विरूद्ध करें कठोर कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने जिले के अधिकारियों से कहा कि वे अपने जिले में अवैध शराब के उपयोग, निर्माण और परिवहन पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें. उन्होंने कहा कि जहरीली और नकली शराब बनाने वाले स्थानों को चिन्हित करें और ऐसे लोगों पर कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाए. मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध शराब विक्रय में एजेन्टी, पैकारी और डायरी व्यवस्था जैसे असामाजिक कार्यों को सख्ती से रोका जाएं.

थार पलटी तो मिलीं कफ सिरप की 25 शीशियां

सीधी. कमर्जी थाना क्षेत्र के नौगवां में सड़क हादसे के बाद पलटी थार की तलाशी में पुलिस को ओनरेक्स कफ सिरप की 25 शीशियां मिलीं. हादसे में बाइक सवार कमालुद्दीन खान की मौत हो गई थी. पुलिस ने थार सवार अनिल पटेल को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी अनीत पटेल फरार है. पुलिस के मुताबिक, 2 नवंबर को हादसे के बाद थार में सवार दो लोगों में से एक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया था. मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में लिया. तलाशी के दौरान ड्राइविंग सीट के नीचे रखी थैली से कफ सिरप की शीशियां मिलीं. इनमें 21 पर कोडीन फॉस्फेट 10 एमजी लिखा था. शीशियों के रैपर और जरूरी जानकारी खुरची हुई थी.

भेदभाव खत्म होने तक जारी रहे आरक्षण

युवाओं से संवाद जरूरी, उन्हें देशविरोधी न मानें : होसबाले

नव भारत न्यूज

इंदौर, 4 नवंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को आरक्षण तब तक मिलना चाहिए, जब तक उनके साथ हुआ भेदभाव और असमानता दूर नहीं हो जाती.

यह संवेदनशील विषय है, इसलिए इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए. बुधवार को संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक के समापन के बाद डेली कॉलेज परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने मंदिर विवाद, मतदाता सूची के एसआईआर सहित कई मुद्दों पर संघ का पक्ष रखा.



- एसआईआर का समर्थन, राम मंदिर का संकल्प पूरा
- काशी-मथुरा के मामले अदालत पर छोड़ने की बात

राम मंदिर का संकल्प पूरा, बाकी मामले अदालत पर

मंदिरों से जुड़े विवादों पर होसबाले ने कहा कि राम मंदिर निर्माण का संकल्प संघ ने पूरा किया है. काशी, मथुरा और धार की वाग्देवी से जुड़े मामले अदालत में विचाराधीन हैं, इसलिए उनका फैसला न्यायालय पर छोड़ देना चाहिए. कृष्ण जन्मभूमि विवाद का निर्णय भी अदालत को ही करना है.

जेन-जी की समस्याएं सुनें

युवाओं के आंदोलनों पर उन्होंने कहा कि जेन-जी की समस्याओं और अपेक्षाओं को समझना जरूरी है. उनसे सकारात्मक संवाद होना चाहिए. केवल सवाल उठाने या विरोध करने से युवाओं को देशविरोधी नहीं मान लेना चाहिए. हालांकि उन्होंने आशंका जताई कि देश के भीतर और बाहर कुछ अराजक तत्व युवाओं को उकसाकर अशांति और विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं.

एक नजर में

कैमरों का पहरा, टैंकरों के फेरों पर रहेगी नजर

इंदौर. गर्मी में संभावित जलसंकट के दौरान टैंकरों से होने वाली पानी की सप्लाई पर अब सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी. इंदौर नगर निगम शहर के सभी हाईड्रेंट पर कैमरे लगाने जा रहा है. इसके लिए महापौर परिषद (एमआईसी) में प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है.

अर्धनग्न कर बेल्ट-डंडों से छात्र पर हमला

उज्जैन. सहपाठी छात्रा को मोबाइल नंबर देना 12वीं के एक छात्र को भारी पड़ गया. इस बात से नाराज चार युवकों ने उसे बहाने से श्मशान घाट के पास ले जाकर अर्धनग्न किया और बेल्ट-डंडों से बेरहमी से पीटा. आरोपियों ने मारपीट का वीडियो भी बनाया और इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया.

आबकारी विभाग ने पकड़ी अवैध शराब

छिंदवाड़ा. जिले में अवैध शराब के निर्माण और भंडारण पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग अब ड्रोन की मदद से निगरानी कर रहा है. जिला आबकारी अधिकारी बीआर वैद्य के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में ड्रोन से संदिग्ध ठिकानों की पहचान कर विभागीय टीम ने छापेमारी की.

सिंधिया राजघराने का संपत्ति विवाद, सुनवाई फिर टली

- 41 हजार करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति का मामला
- प्रतिमा राणा को दर्ज कराने थे बयान, कोर्ट नहीं पहुंचीं

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 4 नवंबर .सिंधिया राजघराने की 41 हजार करोड़ रुपए से अधिक की अचल संपत्ति से जुड़े पारिवारिक विवाद में बुधवार को होने वाली सुनवाई फिर टल गई.

अतिरिक्त सत्र न्यायालय में दिवंगत पद्मावती राजे की बेटी प्रतिमा राणा के बयान दर्ज होने थे, लेकिन उनके उपस्थित नहीं होने के कारण कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी. अब समझौता प्रस्ताव पर फैसला प्रतिमा की आपत्तियों और उनके पक्ष में पेश किए जाने वाले साक्ष्यों पर निर्भर माना जा रहा है.



प्रतिमा राणा ने आरोप लगाया है कि उनसे धोखे से समझौता प्रस्ताव पर हस्ताक्षर कराए गए. उन्होंने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और अपनी मौसियों वसुंधरा राजे, यशोधरा राजे तथा उषा राजे पर यह आरोप लगाया है. अदालत ने उनकी अर्जी स्वीकार कर उन्हें अपना पक्ष रखने और सबूत पेश करने का अवसर दिया है.

पूर्व जज गिरिबाला सिंह को झटका

ट्विशा शर्मा आत्महत्या मामले में जमानत याचिका खारिज

नवभारत न्यूज

जबलपुर, 4 नवंबर. बहुचर्चित ट्विशा शर्मा के आत्महत्या मामले में आरोपी पूर्व जिला व सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है. हाईकोर्ट जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि प्रकरण में आरोपी की भूमिका और कथित मानसिक प्रताड़ना से जुड़े पहलुओं की समग्र जांच आवश्यक है. उपलब्ध साक्ष्यों तथा जांच लंबित होने के कारण एकलपीठ ने जमानत देने से इंकार कर दिया.

उम्र तथा बीमारियों का दिया हवाला



गिरिबाला सिंह की तरफ से जमानत याचिका में तर्क दिया गया कि वह सेवानिवृत्त जिला व सत्र न्यायाधीश है। उन्होंने उम्र तथा बीमारियों का हवाला देते हुए कहा था कि वह विगत पांच माह से न्यायिक अभिरक्षा में है।

गौरतलब है कि भोपाल की पूर्व जिला व सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की बहू व मॉडल ट्विशा शर्मा ने 12 मई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. पुलिस ने गिरिबाला तथा उसके बेटे के खिलाफ दहेज हत्या व दहेज एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया था. पूर्व न्यायाधीश को प्रकरण में भोपाल जिला व सत्र न्यायालय से 15 मई को अग्रिम जमानत का लाभ मिल गया था. अग्रिम जमानत मिलने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी. हाईकोर्ट ने 27 मई को पूर्व न्यायाधीश को मिली अग्रिम जमानत को निरस्त कर दिया था. सरकार के द्वारा प्रकरण की जांच सीबीआई को सौंपी गयी थी.

चक्रवात: मुरासु का असर घटेगा

नवंबर के दूसरे सप्ताह में तेजी से बढ़ेगी ठंड

- पांच जिलों में ही आंधी-बारिश का अलर्ट
- अगले चार दिन में रात का पारा 2 डिग्री तक गिरेगा

नवभारत न्यूज

भोपाल, 4 नवंबर. मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से में चक्रवाती तूफान 'मुरासु' का असर अब कमजोर पड़ रहा है. गुरुवार से प्रदेशभर में मौसम साफ रहने और धूप खिलने का अनुमान है.

बुधवार को सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी और अनूपपुर में आंधी-बारिश की संभावना जताई गई थी, लेकिन गुरुवार को इन जिलों में भी मौसम खुलने की उम्मीद है. मौसम में बदलाव के साथ रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है. प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. शाजापुर के गिरवर में पारा 14.4 डिग्री, भोपाल में 15.1 डिग्री, नीमच में 15.4 डिग्री और कटनी के करौंदी में 15.5 डिग्री रहा. पचमढ़ी में दिन का अधिकतम तापमान भी घटकर 26 डिग्री पर पहुंच गया है. प्रदेश में दिन के तापमान में भी 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट आई है.

कांग्रेस सेवादल की कार्यकारिणी घोषित

- 18 जिलों में जिला मुख्य संगठकों की भी नियुक्ति
- संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा : भार्गव

विशेष संवाददाता

भोपाल, 4 नवंबर . मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने नई प्रदेश कार्यकारिणी घोषित करने के साथ ही 18 जिलों में जिला मुख्य संगठकों की नियुक्तियां की हैं.

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास ने राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी प्रतापनारायण मिश्रा और प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव की सहमति से नियुक्तियों को मंजूरी दी है.

प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने बताया कि नई कार्यकारिणी के गठन में समर्पित, प्रतिबद्ध और सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी गई है. संगठन में बेहतर काम करने वाले जिला मुख्य संगठकों को पदोन्नत कर प्रदेश कार्यकारिणी में भी स्थान दिया गया है. इससे जिला स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिलेगा.

भार्गव ने उम्मीद जताई कि नई नियुक्तियों से प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलेगी. उन्होंने कहा कि पुनर्गठन के जरिए सेवादल के आगामी कार्यक्रमों और अभियानों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा. नई टीम के गठन से संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर रहेगा.

साइबर ठगों ने चार खातों से उड़ाए 3 .45 लाख

जबलपुर. साइबर ठगों ने शहर में चार लोगों को निशाना बनाकर उनके बैंक खातों से कुल 3 लाख 45 हजार रुपए पार कर दिए. ठगी के शिकार लोगों में किसान, मोबाइल दुकानदार, फल विक्रेता और एलएलबी का छात्र शामिल हैं. बरगी, घमापुर और अधारताल पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. बरगी पुलिस के मुताबिक, समद पिपरिया निवासी राजेश पटेल (40) इलेक्ट्रॉनिक और किराना सामान खरीदने गए थे.

इच्छापुर-इंदौर मार्ग की टनल टेस्टिंग शुरू

- 2027 तक सिक्सलेन मार्ग पूरा करने का लक्ष्य
- सफर 5-6 घंटे से घटकर 3 घंटे होने की उम्मीद

नवभारत न्यूज

ओंकारेश्वर, 4 नवंबर. इच्छापुर से इंदौर के बीच बन रहे सिक्सलेन मार्ग पर घाट सेक्शन को खत्म करने के लिए पहाड़ों के भीतर बनाई गई टनल को टेस्टिंग के लिए शुरू कर दिया गया है.



टनल का निर्माण अंतिम चरण में है. इसके चालू होने से वाहन चालकों को घुमावदार और जोखिम भरे घाट रास्तों से राहत मिलेगी. साथ ही लंबे और भारी लोडेड वाहन भी आसानी से गुजर सकेंगे. इस मार्ग के घाट सेक्शन में आए दिन दुर्घटनाएं होती थीं. लंबे और भारी ट्राले चढ़ाई पर कई बार फंस जाते थे, जिससे जाम की स्थिति बनती थी. टनल बनने से इन समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है. पहाड़ों के अंदर बनाई गई टनल से वाहनों को घाट का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और सफर भी आसान होगा. इच्छापुर से सनावद तक सिक्सलेन सड़क का काम पूरा हो चुका है, जबकि सनावद से इंदौर के बीच निर्माण तेजी से चल रहा है. इसी हिस्से में टनल बनाई गई है.

प्रबंधक के घर से मिली 3 करोड़ की संपत्ति

नवभारत न्यूज

भोपाल, 4 नवंबर. धार जिले की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नालछा के प्रबंधक शेरसिंह ठाकुर के तीन ठिकानों पर बुधवार को लोकायुक्त ने छापा मारा. करीब 10 घंटे 30 मिनट चली कार्रवाई में आय से अधिक संपत्ति का खुलासा हुआ है.

लोकायुक्त के मुताबिक, ठाकुर के पास ज्ञात आय के स्रोतों से करीब 700 फीसदी अधिक अनुपातहीन संपत्ति मिली है. जांच में 3 करोड़ 32 लाख 61 हजार 575 रुपए का अनुपातहीन व्यय सामने आया है. इस आधार पर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है. बुधवार सुबह 5 बजे सोडपुर, नालछा और मांडव स्थित ठिकानों पर एक साथ सर्चिंग शुरू की, जो दोपहर 3.30 बजे तक चली. कार्रवाई में 40 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे. जांच में ठाकुर की वेतन और कृषि से कुल आय करीब 40 लाख रुपए बताई गई है.



- धार में लोकायुक्त ने तीन ठिकानों पर मारा छापा
- आय से करीब 700 फीसदी अधिक संपत्ति का दावा

मकान और जमीन पर लाखों का निवेश

जांच में सोडपुर में 0.152 हेक्टेयर भूखंड पर 2400 वर्गफीट में बने दो मंजिला मकान की जानकारी मिली. भूखंड की खरीद और निर्माण पर करीब 97 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है. नालछा में मांडव रोड स्थित सोडपुर तिराहे पर 1350 वर्गफीट का व्यावसायिक भवन भी मिला, जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए आंकी गई है. पत्नी कविता के नाम पर सोडपुर में 0.645 हेक्टेयर और मांडव में 2.526 हेक्टेयर कृषि भूमि भी मिली है. इनकी खरीद पर क्रमश: 8 लाख और 42 लाख रुपए खर्च किए गए.

जेसीबी, ट्रैक्टर और कार भी मिली

लोकायुक्त को शेरसिंह ठाकुर के पास जेसीबी, महिंद्रा ट्रैक्टर, महिंद्रा टीयूवी, ऑल्टो कार, बुलेट और कृषि उपकरण मिले हैं. इनकी अनुमानित कीमत 53 लाख रुपए बताई गई है. घर के सामान की कीमत 1 करोड़ 22 लाख 69 हजार 200 रुपए आंकी गई है. इसके अलावा नालछा स्थित मकान और सोडपुर स्थित पैतृक मकान की भी इन्वेंट्री तैयार की गई है.

एसपी के नेतृत्व में कार्रवाई

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश सहाय के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में डीएसपी आनंद चौहान, निरीक्षक आशुतोष मिठास, प्रतिभा तोमर और सचिन पटेरिया सहित 40 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक संदीप चंसौरिया*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14